**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 5692**

**दिनांक 04 अप्रैल, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की संख्या**

**5692. श्री छत्रपाल सिंह गंगवारः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत से लेकर इसके अंतर्गत कुल कितने लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं;
(ख) आगामी वर्ष के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं; और
(ग) सरकार द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए क्या नई पहल किए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार, आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत ₹1.26 लाख करोड़ मूल्य के 8.9 करोड़ से अधिक अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती को अधिकृत किया गया है।

(ख): एबी-पीएमजेएवाई के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किए गए हैं क्योंकि यह योजना स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लाभार्थी की मांग के आधार पर प्रचालित होती है। इस योजना के तहत इसका कार्यान्वयन करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी पात्र लाभार्थी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पात्र हैं।

(ग): लाभार्थी आधार का विस्तार, नई प्रक्रियाओं को शामिल करना, नए अस्पतालों को पैनलबद्ध करना और समय-समय पर नई आवश्यकताओं के अनुसार योजना में अन्य सुधार नियमित रूप से अद्यतन किए जाते हैं। उठाए गए कुछ कदम/नई पहल निम्नलिखित हैं:

- जनवरी, 2022 में, भारत सरकार ने लाभार्थी आधार को पहले के 10.74 करोड़ परिवारों से संशोधित कर 12 करोड़ परिवार कर दिया। इसके अलावा, मार्च, 2024 में, इस योजना के तहत पात्रता मानदंड का विस्तार करके इसमें 37 लाख मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशाकर्मी), आंगनवाड़ी

कार्यकर्ता (एडब्ल्यूडब्ल्यू), आंगनवाड़ी सहायिका (एडब्ल्यूएच) और उनके परिवारों को शामिल किया गया। इसके अलावा, दिनांक 29.10.2024 को, सरकार ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 4.5 करोड़ परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रति वर्ष ₹5 लाख तक का निःशुल्क उपचार लाभ प्रदान करने के लिए एबी-पीएमजेएवाई का विस्तार किया।

- एबी-पीएमजेएवाई के पैनलबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क में लगातार सुधार हुआ है और सभी पात्र लाभार्थियों के लिए गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवा की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए 13,866 निजी अस्पतालों और 17,091 सार्वजनिक अस्पतालों सहित पैनलबद्ध अस्पतालों की संख्या 30,957 हो गई है।
- इस योजना के स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) को योजना के शुभारंभ के बाद से पांच बार संशोधित किया गया है, जिसमें अब 27 चिकित्सा विशेषताओं में 1,961 पैकेज शामिल हैं।

*****